54 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या- 25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 9.3°c अधिकतम 21.9 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 7:05, सूर्यास्त - 6:01 | वर्ष : 54/ अंक : 36 | शुक्रवार, 06 फरवरी 2026 | फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, पंचमी | सम्वत 2082 | मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ : 4

**अमृतवाणी**

खुद की समझदारी भी अहमियत रखती है वरना अर्जुन और दुर्योधन के गुरू तो एक ही थे।

मोहब्बत की दुकान में जो आग भरी पड़ी है, उसका परिणाम है इसलिए ये मोदी की कब्र खोदने का नारा लेकर चल रहे हैं : मोदी




मोहब्बत की दुकाँ में आग से निकले हुए नारे... विचारों की भरी दुनिया जलाकर खाक कर देंगे.......

# जीते जी न मिला प्रेम तो पहले प्रेमिका को मारा फिर खुद दे दी जान









**मुजफ्फरनगर, 5 फरवरी (बु.)।** जानसठ थाना क्षेत्र के गांव भलवा से गुरूवार को सनसनीखेज घटना सामने आई, जिसमें प्रेम सम्बंधों में पहले प्रेमी ने प्रेमिका को गला रेतकर मौत के घाट उतार दिया फिर इसे ही अपराध मानते हुए खुद को भी मौत के गले लगा लिया। दोनों की मौत एक ही हथियार से हुई। बताया जा रहा है कि भलवा निवासी विजयपाल की 27 वर्षीय पुत्री प्रगति व रोहित के बीच प्रेम प्रसंग लम्बे समय से चल रहा था। दोनों गुड़गांव रहकर नौकरी कर रहे थे। तीन माह पहले प्रगति के परिजनों ने नौकरी छुड़वाकर उसे वापस अपने गांव बुला लिया। इसी बीच रोहित भी वापस लौट आया और रोडवेज कंडक्टर के रूप में संविदा पर नौकरी करने लगा। क्षेत्र के लोगों की माने तो प्रगति के परिजनों में से एक व्यक्ति रोहित से प्रेम-प्रसंग के खिलाफ था, उसी के कारण प्रगति का रिश्ता कहीं और तय कर दिया गया और रोहित के परिजनों ने भी रोहित का रिश्ता किसी और लड़की से तय कर दिया। 8 फरवरी को प्रगति की शादी होने जा रही थी जबकि इसी माह की 28 फरवरी को रोहित की शादी होनी थी। मगर आज गुरूवार को एकाएक रोहित प्रगति के घर पहुंचा और कमरा बंद करके शोर मचाते हुए प्रगति से बात करने लगा। बात करते-करते रोहित ने प्रगति को धारदार हथियार से गला काटकर मौत के घाट उतार दिया उसके बाद खुद का गला रेतकर भी मौत के गले लगा लिया। सनसनीखेज घटना की सूचना जैसे ही पुलिस को मिली तो पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे मामले की जांच में जुटी गयी। एसएसपी संजय कुमार वर्मा का कहना है कि प्रथम दृष्टया दोनों के बीच प्रेम-प्रसंग का मामला था और पुलिस आगे मामले की जांच कर रही है।

## एक माह पहले तक दोनों घरों में था दांत काटी रोटी जैसा माहौल

**मुजफ्फरनगर।** क्षेत्रीय लोगों की माने तो रोहित तीन माह पहले रोडवेज पर संविदा की नौकरी मिलते ही गुड़गांव से लौट आया था। इसके दो माह के बाद प्रगति भी अपने घर वापस लौट आई थी। प्रगति के वापस आने के बाद भी घर में खुशी का माहौल था। ऐसा लग रहा था कि मानों दोनों के परिजन एक दूसरे की शादी को तैयार हैं और दोनों घरों के लोगों का एक दूसरे के घर आना-जाना, खाना-पीना सबकुछ ठीक से चल रहा था। लेकिन इस बीच अचानक क्या हुआ यह दूर-दूर तक भी खबर किसी को नहीं लगी। यह भी किसी को अंदाजा नहीं था कि दोनों का विवाह न करने का अंजाम उन्हें दोनों की मौत देखकर भुगतना पड़ेगा। कुल मिलाकर परिवारों में आज गमगीन माहौल है और दोनों परिवार प्रेमी युगल की मौत के बाद रोते-बिलखते देखे गए और बिना बोले ही सिर्फ आंसू बहा रहे हैं।

## दो बच्चों के पिता से की जा रही थी प्रगति की शादी


**मुजफ्फरनगर।** क्षेत्र के लोगों का बताना है कि प्रगति का विवाह दो बच्चों के पिता से किया जा रहा था। इस बात रोहित आहत था। रोहित नहीं चाहता था कि भरी जवानी में प्रगति अपने से ज्यादा बड़ी उम्र के व्यक्ति के साथ विवाह के बंधन में बंधे मगर एक ऐसी मजबूरी थी जिस कारण प्रगति के परिजनों को दो बच्चों के पिता से विवाह कराना पड़ा रहा था। प्रगति को कोई आन्तरिक समस्या थी, इसी कारण से विवाह करने वाले परिवार को प्रगति की समस्या के बारे में बताकर बिना धोखा दिये परिजन प्रगति का विवाह कहीं और कर रहे थे।

## 28 फरवरी को होने वाली रोहित की शादी भी तोड़ी जा चुकी थी

**मुजफ्फरनगर।** रोहित के परिजनों का बताना है कि उन्होंने भी मजबूरी में ही रोहित का विवाह दूसरी जगह तय किया था। 28 फरवरी को फेरे होने थे मगर उससे पहले ही रोहित ने प्रगति से यह पूछकर कि क्या वह उससे विवाह कर लेगी। प्रगति के हां कहने के बाद रोहित ने अपनी शादी तोड़ दी थी। मगर जैसे ही प्रगति की शादी की तारीख नजदीक आई और प्रगति ने उससे किये हुए वादे के अनुरूप कोई गतिविधि नहीं दिखाई, सम्भवतः इसी कारण दोनों में मनमुटाव हुआ और बात दोनों की मौत तक पहुंच गई।

### मुस्लिम युवती से प्रेम करना पड़ा महंगा

## युवती के परिजनों से परेशान होकर सहारनपुर के युवक ने दे दी जान



**सहारनपुर, 5 फरवरी (एजेंसी)।** सहारनपुर के फतेहपुर के रहने वाले नयन कैथल नाम के युवक ने इंस्टाग्राम पर अपनी वीडियो अपलोड करने के बाद मौत को गले लगा लिया। युवक ने वीडियो में साफ बताया कि वह कई साल से एक मुस्लिम युवती अदीबा जावेद से प्रेम कर बैठा था। जैसे ही इस बात का पता परिजनों को चला तो उन्होंने अलग-अलग प्रताड़नाएं देकर युवक नयन को परेशान करना शुरू कर दिया। मुस्लिम युवती के परिजनों की प्रताड़नाओं से परेशान आकर आज मौत को गले लगा बैठा। वीडियो में युवक ने साफ बताया कि वह युवती के परिजनों की प्रताड़ना से परेशान होकर जान दे रहा है। वीडियो में पीछे से रेल के गुजरने की आवाज भी आ रही है, जिससे आशंका व्यक्त की जा रही जिस वक्त इस वीडियो शूट किया गया वह रेलवे लाइन के आसपास था। यह वीडियो बनाने के बाद युवक ने अपने तुरन्त जान दे दी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और वीडियो के आधार पर ही दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जानी सुनिश्चित की गयी है।

## 100 साल की उम्र में बाइज्जत बरी, 42 साल पुराने कत्ल के मामले में कोर्ट का फैसला

**हमीरपुर, 05 फरवरी (एजेंसी)।** हमीरपुर में हुई हत्या के एक मामले में 100 साल का बुजुर्ग बरी कर दिया गया है। कोर्ट ने कहा कि जीवन की अंतिम बेला में सजा देना न्याय को निरर्थक बना देता है। हमीरपुर निवासी शख्स ने आजीवन कारावास की सजा के खिलाफ अपील दायर की थी। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि जब कोई व्यक्ति अपने जीवन के अंतिम पड़ाव पर हो तो दशकों की देरी के बाद उसे सजा देना न्याय को एक निरर्थक अनुष्ठान में बदलने जैसा है। यह टिप्पणी करते हुए कोर्ट ने 42 साल पुराने हत्या के मामले में 100 साल की आयु पूरी कर चुके बुजुर्ग को बरी कर दिया। यह आदेश न्यायमूर्ति चंद्र धारी सिंह और न्यायमूर्ति संजीव कुमार की खंडपीठ ने दिया है।

### मुजफ्फरनगर पुलिस का "ऑपरेशन सर्च लाईट" शुरू

## भगवा चोले की आड़ में ठगी करने वाले 'मुस्लिम बाबा गैंग' का पदार्फाश, 6 गिरफ्तार



**मुजफ्फरनगर, 5 जनवरी (बु.)।** जनपद की ककरौली थाना पुलिस ने एक ऐसे शातिर गिरोह का भंडाफोड़ किया है जो भगवा वेश धारण कर और हिंदू नाम रखकर भोले-भाले ग्रामीणों को अपनी ठगी का शिकार बनाता था। पुलिस ने इस गिरोह के 6 सदस्यों को गिरफ्तार किया है, जो मूल रूप से मुस्लिम हैं लेकिन जोगी का भेष बनाकर ठगी और रेकी की घटनाओं को अंजाम दे रहे थे। साथ ही फर्जी पहचान और भगवा वेश को हथियार बनाकर हजारों के वारे के न्यारे कर रहे थे। पकड़े गए अभियुक्तों की पहचान शकील, शौकीन, इकबाल, सजील, अयूब और हनीश के रूप में हुई है। ये सभी बुढ़ाना क्षेत्र के जोला गांव के निवासी हैं और वर्तमान में मीरापुर में किराए का कमरा लेकर रह रहे थे। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि ये लोग पिछले 5-7 वर्षों से प्रशिक्षित होकर इस काम को कर रहे थे। ये लोग शुद्ध हिंदी और संस्कृतनिष्ठ भाषा का प्रयोग कर ग्रामीणों को आशीर्वाद देते थे और खुद को गोरखनाथ बाबा का भक्त बताते थे। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से भारी मात्रा में सामग्री बरामद की है, जिसमें 6 फर्जी आधार कार्ड (हिंदू नामों वाले) भगवा चोले (वस्त्र), आशीर्वाद देने वाली लोहे की चेन और मोर पंख। सारंगी, डमरू, डफली, खंजरी और कलावा, चंदा मांगने की रसीदें और पारदर्शी थैली में 'भभूत' आदि है। इस गिरोह को पकड़ने में एसपी आरए आदित्य बंसल, सीओ भोपा देवव्रत वाजपेई और ककरौली थाना प्रभारी जोगेंद्र कुमार की टीम ने मुख्य भूमिका निभाई। एलआईयू और आईबी की टीमें भी मामले की अन्य पहलुओं से जांच कर रही हैं। पुलिस अब गिरोह के फरार अन्य 6 सदस्यों की तलाश में जुटी है।

शेष समाचार पृष्ठ-4 पर

## आचार संहिता उल्लंघन में राजपाल बालियान समेत 10 आरोपी साक्ष्य के अभाव में बरी

**मुजफ्फरनगर, 5 फरवरी (बु.)।** आचार संहिता उल्लघंन के मामले में कोर्ट ने बुढ़ाना विधानसभा सीट से विधायक राजपाल बालियान समेत दस आरोपियों को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। उक्त प्रकरण चार वर्ष से कोर्ट में विचाराधीन था। बचाव पक्ष के वरिष्ठ अधिवक्ता ओमकार सिंह तोमर व जसवीर बालियान ने बताया कि वर्ष 2022 में विधानसभा चुनाव के दौरान बिना अनुमति के जनसभा करने के मामले में फुगाना थाने में विधायक राजपाल बालियान व उनके समर्थकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गयी थी। फुगाना थाने के एसआई मूलचंद ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था कि चुनाव के दौरान धारा-144 लागू थी। वहीं केन्द्र सरकार की ओर से जारी दिशा निर्देश के तहत कोविड-19 की वजह से सार्वजनिक स्थानों पर धार्मिक व राजनैतिक आयोजनों पर प्रतिबंध लगा था। बृहस्पतिवार को इस मामले को लेकर एसीजेएम-1 की कोर्ट में सुनवाई हुई। एसीजेएम-1 ने सुनवाई करते हुए बुढ़ाना विधायक राजपाल बालियान, करौंदा महाजन स्थित सोसाइटी के पूर्व चेयरमैन नरेन्द्र कुमार, पूर्व चेयरमैन नरेश कुमार, कुरावा के पूर्व प्रधान चरण सिंह, लोई के पूर्व प्रधान दिलशाद, करौदा महाजन के प्रधान जोगिन्द्र, विनोद, विनय, संजय शर्मा निवासी खेड़ामस्तान एवं विनोद निवासी फुगाना को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया।

# अतिक्रमणकारियों के मसीहा बनेंगे सपाई, तभी तो वोट मिलेंगी भाई





**मुजफ्फरनगर, 5 फरवरी (बु.)।** शहर की सड़कों पर पैर रखने की जगह नहीं है। सड़कों के बीचोंबीच ठेले खड़े करके पूरे शहर को जाम करने जैसे हालात अतिक्रमणकारियों ने बनाए हुए हैं। कहीं भगत सिंह रोड पर शौचालय को घेरा जा रहा है तो कहीं झांसी की रानी चौक के पास सफेद पट्टी से चार फुट आगे ठेले खड़े कर-के खूब शोर मचा-मचाकर फल और सब्जियां बेची जा रही हैं। यही हाल मालवीय चौक तक का हो चुका है, मगर नेता अपने वोट बंटोरने के लिए अतिक्रमणरियों की सिफारिशें लखनऊ तक करते हैं। ये बेचारे गरीब हैं कहकर 5-5 करोड़ रुपये की दुकानों के आगे हठधर्मिता करते हुए गरीब कहलाने वाले ठेला चालक दुकानदार की दुकान में जाने का रास्ता तक नहीं छोड़ते मगर इन सब बातों से नेताओं का क्या लेना-देना, क्योंकि नेता तो 365 में से 200 दिन लखनऊ और दिल्ली रहते हैं। न उन्हें सड़कों पर घूमना है और न उन्हें इस बात का एहसास होगा कि किस तरह आम नागरिक कभी स्कूल, कभी ऑफिस तो कभी अपने दुकानों को खोलने में इसी जाम के कारण लेट हो जाते हैं। शहर के सुधार की बात करना तो दूर उल्टा नेताजी विपक्ष में बैठकर भी अपने मतदाताओं को रिझाने के लिए अतिक्रमण न हटाने की सिफारिशें सरकार के अधिकारियों को जमकर कर रहे हैं। ऐसे में आम आदमी को भी पता होना चाहिए कि आखिर अतिक्रमणकारियों का साथ देना विपक्ष के नेताओं का काम हो चला है, चूंकि भाजपाइयों को तो पहले से ही शहर की चिंता नहीं है। पिछले दस साल में उन्हीं के शासनकाल में ये अतिक्रमण खूब हो रहे हैं और वे भी इसी वजह से खामोश रहते हैं कि कहीं हमारे वोट न कट जाएं। यह तो नहीं पता कि अतिक्रमणकरियों के कितने वोट भाजपाइयों या सपाइयों को मिलते हैं मगर यह पता जरूर लग रहा है कि भाजपाई खामोशी से तो सपाई सिफारिश करके अतिक्रमणकारियों को सिर चढ़ाने का काम कर रहे हैं। इसी कारण सड़कों के बीच तक अतिक्रमण हो रहा है और सपाई खूब सिफारिशें प्रशासन को इनके हित में लगा रहे हैं।

## शिवचौक से हटा अतिक्रमण तो धौंस दिखाने लगे अतिक्रमणकारी

**मुजफ्फरनगर।** चोरी और सीना जोरी का दृश्य उस समय देखने को मिला जब दोपहर बाद नगर पालिका की टीम फिर एक बार भगत सिंह रोड स्थित शौचालय से अतिक्रमण हटवाने के लिए पहुंची। जब एक दुकानदार का बोर्ड हटाया गया तो ऐसे धौंस पिलाने लगा जैसे उसके चाचा ने बैनामा कर दिया हो और कहने लगा कि पहले औरों का अतिक्रमण हटवाओ जो लगा हुआ है, मगर नगर पालिका ने उसकी कोई बात न मानते हुए तुरन्त हॉर्डिंग को हटवाने का काम किया। बड़ी बात यह है कि लगातार पालिका की टीम अपना काम करती दिख रही है मगर फिर भी अतिक्रमणकारी सिफारिशें कराने से बाज नहीं आ रहे और दिन पर दिन पालिका कर्मियों को ही सीना चौड़ा करके उनका विरोध करने को तैयार है, क्योंकि उन्हें पता है कि उनके पीछे सपा नेता सिफारिश और सामान छुड़वाने के लिए बैठे हैं।

# फिल्मी स्टाइल में मुजफ्फरनगर पुलिस की गाड़ी में थार से दबंगों ने मारी सीधी टक्कर, तीन गिरफ्तार

**हरिद्वार/ज्वालापुर, 5 फरवरी (बु.)।** हरिद्वार के ज्वालापुर क्षेत्र में उस वक्त सनसनी फैल गई, जब धोखाधड़ी के एक आरोपी को छुड़ाने के लिए आरोपी के बेटे और उसके साथियों ने मुजफ्फरनगर पुलिस की टीम पर जानलेवा हमला कर दिया। आरोपियों ने पुलिस के वाहन को अपनी गाड़ियों से जोरदार टक्कर मारकर गाड़ी को क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना की जानकारी मिलने पर तुरंत ज्वालापुर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मौके से तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार, मुजफ्फरनगर जनपद के थाना छपार से उप-निरीक्षक अनुराग सिंह अपनी टीम के साथ ज्वालापुर पहुंचे थे। पुलिस टीम धोखाधड़ी के मामले में वांछित अभियुक्त संजय पुत्र राजपाल को गिरफ्तार कर वापस ले कर आ रहे थे। जैसे ही पुलिस की गाड़ी भूमानंद अस्पताल के पास पहुंची, तभी अभियुक्त संजय के पुत्र ईशान्त ने अपने साथियों

### ▶ धोखाधड़ी के आरोपी पिता को गिरफ्तार कर मुजफ्फरनगर ला रही थी पुलिस



के साथ मिलकर फिल्मी अंदाज में पुलिस के वाहन को घेर लिया और अपने पिता को छुड़ाने की नीयत से आरोपियों ने अपनी थार और स्कॉर्पियो गाड़ियों से पुलिस के वाहन पर सीधी टक्कर मार दी। इस अचानक हुए हमले में पुलिस टीम के सदस्यों को चोटें आई साथ ही उनका सरकारी वाहन भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। घटना की सूचना मिलते ही ज्वालापुर कोतवाली पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर तीन हमलावरों को दबोच लिया। पुलिस ने घटना में इस्तेमाल की गई थार और स्कॉर्पियो को भी जब्त कर लिया है। उप-निरीक्षक अनुराग सिंह की तहरीर पर कोतवाली ज्वालापुर में मुकदमा अपराध संख्या 93/2026 पंजीकृत किया गया है। आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की गंभीर धाराओं 109(1), 121(1), 132, 191(2), 324(4), 351(2), 352, और 61(2) के तहत मामला दर्ज किया गया है। ज्वालापुर पुलिस ने जिन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया उनका नाम, ईशान्त पुत्र संजय, शिवम मलिक पुत्र अनुज मलिक, अमन पुत्र गजेंद्र सभी आरोपी निवासी सुभाष नगर, कोतवाली ज्वालापुर, हरिद्वार उत्तराखंड के रहने वाले है। पुलिस प्रशासन का कहना है कि घटना में शामिल अन्य साथी फरार है। जिनकी तलाश में दबिश दी जा रही है और किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।

## खुलकर लगाए जिला चिकित्सालय कर्मियों पर ऑपरेशन के 25-30 हजार मांगने के आरोप, मगर भाजपा शासन में किसी का बिगड़ता क्या है?



**मुजफ्फरनगर, 5 फरवरी (बु.)।** जल्द ही महाशिवरात्रि का पर्व आने वाला है, ऐसे में मुजफ्फरनगर की ओर से कई कांवड़िए गुजर रहे हैं और बुधवार शाम को अचानक एक कांवड़िए विकास मेहरा निवासी टीकरी, जिला बागपत की रीढ़ की हड्डी में दर्द हो गया। विकास मेहरा ने बताया कि बहादराबाद टोल से रुड़की बाईपास पार करते समय वह बारिश में पैर फिसल जाने के कारण गिर गया था और वह 51 लीटर जल के साथ गिरा तो उसकी कमर में दर्द होने लगा। जैसे कैसे वह मुजफ्फरनगर पहुंचा और जिला चिकित्सालय में डॉक्टरों को दिखाया तो उन्होंने तुरन्त ऑपरेशन की सलाह दी। भोला कांवड़िया ने इस पर कहा कि ऑपरेशन कराने के कितने पैसे लगेंगे तो विकास मेहरा के मुताबिक डॉक्टरों की 25-30 हजार की मांग थी, इस पर भोला कावंड़िया सीएमओ से भी मिला तो सीएमओ ने जवाब दिया कि हम तुम्हारी समस्या का समधान करा देंगे मगर किसी प्रकार की समस्या का समाधान गुरूवार सुबह तक न होने पर कांवड़िया यह कहकर चला गया कि जब 25-30 हजार ही देकर ऑपरेशन कराना है तो फिर सरकारी अस्पतालों का लाभ ही क्या है? प्राइवेट रूप से ऑपरेशन कराकर वहीं पैसे दे देंगे। आपको बता दें कि आए दिन जिला चिकित्सालय में अलग-अलग डॉक्टरों पर और कर्मचारियों पर पैसा लेने के आरोप लगते हैं मगर इक्का-दुक्का लोगों पर कार्रवाई के अलावा कुछ नहीं हो पाया। इस शासन में भ्रष्टाचार का जितना बोलबाला है वह बताने की आवश्यकता नहीं है, मगर बड़ी बात यह है कि अपने को ईमानदार बताने वाला शासन आखिर सार्वजनिक रूप से भ्रष्टाचार के आरोप लगने के बाद तमाशा क्यों देखता रहता है? इसी से साफ जाहिर होता है कि कहीं न कहीं नेताओं की मिलीभगत से ही भ्रष्टाचार की जड़ें और मजबूत हो रही हैं।

## कोहरे में कार ट्रक में घुसी, पति-पत्नी,साल की मौत

**लखीमपुरीखुरी, 05 फरवरी (एजेंसी)।** लखीमपुर खीरी में गुरुवार की सुबह 7 बजे एनएच-730 पर घने कोहरे तेज रफ्तार कार सड़क पर खड़े ट्रक से जा टकराई। हादसा इतना भीषण था कि बहराइच निवासी पति-पत्नी और साले की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दंपति की 2 साल की मासूम बच्ची गंभीर घायल है। घटना गोला कोतवाली क्षेत्र के जलालपुर गांव के पास हुई। जानकारी के मुताबिक बहराइच के थाना रामगांव क्षेत्र के गांव धाम कुंडा निवासी 28 वर्षीय सुनील सिंह अपनी पत्नी 26 वर्षीय सुधा, दो साल की बेटी और साले मुकेश सिंह के साथ दिल्ली से बहराइच लौट रहे थे। सुनील सिंह दिल्ली के राजौरी गार्डन इलाके में रहकर डेकोरेशन का काम करते थे। गुरुवार को उनकी ससुराल में तिलक समारोह होना था, जिसमें शामिल होने के लिए पूरा परिवार कार से निकला था। कार की ड्राइविंग साला मुकेश सिंह कर रहा था। सुबह जब कार गोला कोतवाली क्षेत्र में पहुंची, तभी अचानक घना कोहरा छा गया। दृश्यता बेहद कम हो गई और इसी दौरान वैगन-आर कार सड़क किनारे खड़े ट्रक में जा घुसी।

## पुलिस वाहन क्षतिग्रस्त, महिला सिपाही सहित तीन पुलिसकर्मी घायल, 4 अज्ञात, 7 नामजद

***मुजफ्फरनगर।** इस हमले में दारोगा अनुराग सिंह, महिला सिपाही प्राची और सिपाही अनिल घायल हो गए। पुलिस वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हमले की सूचना मिलते ही ज्वालापुर पुलिस मौके पर पहुँची और उत्तर प्रदेश पुलिस के साथ मिलकर घेराबंदी की। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए ईशान पुत्र संजय, शिवम मलिक पुत्र अनुज और अमन पुत्र गजेंद्र को मौके से गिरफ्तार कर लिया। वहीं, अनिरुद्ध, कुणाल त्यागी, अनुज मलिक सहित अन्य चार अज्ञात आरोपित फरार हो गए। ज्वालापुर कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा ने बताया कि संजय (आरोपित जिसे पुलिस पकड़ने गई थी), ईशान, शिवम मलिक, अमन, अनिरुद्ध, कुणाल त्यागी और अनुज मलिक समेत चार अज्ञात आरोपितों के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा डालने, पुलिस टीम पर जानलेवा हमला करने और अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। फरार आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है।*

## साइबर क्राइम के मामले में दरोगा ने पीड़ित को दी जेल भेजने की धमकी, वसूले 11 लाख रुपये, सस्पेंड

**मुजफ्फरनगर, 05 फरवरी (बु.)।** प्लास्टिक दाना बनाने की फैक्टरी संचालक नदीम के खाते में अचानक 95 लाख रुपये आ गए और कुछ ही देर में कई खातों में ट्रांसफर हो गए। दरोगा गौरव चौधरी ने जांच के नाम पर नदीम को ही फंसाने की धमकी दी। दरोगा गौरव चौधरी को जांच के बाद सस्पेंड कर दिया गया है। सिविल लाइन थाने में तैनात दरोगा गौरव चौधरी ने साइबर ठगी के मामले से जुड़ी एक शिकायत में पीड़ित से ही 11 लाख रुपये वसूल लिए। एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने भ्रष्टाचार के आरोप में दरोगा को निलंबित कर दिया। उन्होंने एसपी क्राइम इंदु सिद्धार्थ से मामले की जांच कराने के बाद कार्रवाई की। मदीना कॉलोनी बझेड़ी रोड पर प्लास्टिक दाना बनाने की फैक्ट्री चलाने वाले मदीना कॉलोनी निवासी नदीम ने एसएसपी से शिकायत कर कहा था कि उसकी फैक्ट्री का खाता उसका अकाउंटेंट लद्धावाला निवासी फराज देखता था। 13 अक्तूबर 2025 को उसके खाते में दो बार में 95 लाख रुपये जमा हुए। यह रुपये कुछ ही देर में विभिन्न खातों में ट्रांसफर कर लिए गए थे। शक होने पर उन्होंने बैंक में जाकर खाता व अपना मोबाइल नंबर बंद करा दिया। सिविल लाइन थाने पहुंचकर प्रार्थना-पत्र देकर उसे रिसीव करने को कहा। अगले दिन थाने पहुंचने पर थाना प्रभारी से वार्ता हुई, तो उन्होंने अपने पास मौजूद दरोगा गौरव चौधरी को इस मामले को देखने को कहा। दरोगा ने उनकी शिकायती लेने से इन्कार करते हुए उल्टा उन्हें ही जेल भेजने की धमकी दी। बाद में कॉल कर उन्हें बुलाकर जांच करने के नाम पर उनका मोबाइल व लैपटॉप ले लिया। कहा गया कि केरल व कर्नाटक में धोखाधड़ी हुई है। उसे मामला खत्म करने की बात कहते हुए दस लाख रुपये की मांग की। छह लाख रुपये दे दिए गए, तब मोबाइल व लेपटॉप लौटा दिया। 15 दिन बाद पांच लाख रुपये लिए गए। एसएसपी ने बताया कि जांच रिपोर्ट आने के बाद दरोगा को भ्रष्टाचार के आरोप में निलंबित किया गया है।

## भाभी से शादी करेगा यूपी पुलिस का सिपाही, तीन बच्चों को भी अपनाएगा

**पुरकाजी, 05 फरवरी (बु.)।** पुरकाजी में प्रॉपर्टी डीलर की हत्या के बाद यूपी पुलिस में प्रशिक्षण ले रहे सिपाही ने भाभी से विवाह करने और तीन बच्चों की परवरिश का फैसला किया है। पुरकाजी में प्रॉपर्टी डीलर संजीव उर्फ जीवन की हत्या के बाद उसके छोटे भाई मीनू, जो उत्तर प्रदेश पुलिस में कांस्टेबल की ट्रेनिंग ले रहे हैं, ने भाभी सोनिया से विवाह करने का निर्णय लिया है। साथ ही तीनों मासूम बच्चों को अपनाने की जिम्मेदारी भी ली है। बुधवार को मृतक का तीजा कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इसी दौरान परिजनों और समाज के लोगों की मौजूदगी में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया। परिजनों का कहना है कि बच्चों का भविष्य सुरक्षित करने के लिए यह कदम जरूरी था। बताया गया कि पुरकाजी थाना क्षेत्र के गांव हरीनगर निवासी संजीव की हत्या 2 फरवरी को उसकी पत्नी सोनिया ने अपने प्रेमी सादिक के साथ मिलकर की थी। इस वारदात से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी। अब यूपी पुलिस का सिपाही मीनू बच्चों की परवरिश करेगा और परिवार को फिर से संभालने की जिम्मेदारी उठाएगा।

## बेरहम मां ने नवजात बच्ची को कुरड़ी पर फेंका

**कैराना, 5 फरवरी (बु.)।** बेरहम मां ने किन्हीं कारणों के चलते नवजात बच्ची को कपड़े में लपेटकर कुरड़ी पर फेंक दिया। ग्रामीणों द्वारा सूचना देने पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा नवजात बच्ची को चाइल्ड लाइन की सपुर्दगी में दे दिया। चाइल्ड लाइन ने बच्ची को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। बुधवार देर शाम गांव मलकपुर में गांव के पास कुरड़ी के ऊपर कपड़े में लिपटी एक नवजात बच्ची पड़ी थी। ग्रामीणों ने कपड़ा खोलकर देखा, तो उसमें नवजात बच्ची मिलने पर ग्रामीण हकदम रह गए। सूचना पर हलका इंचार्ज उपनिरीक्षक जितेंद्र कुमार त्यागी मौके पर पहुंचे। इस दौरान एक दो ग्रामीणों ने यह भी कहा कि वह बच्ची अपने पास रख लेंगे। पुलिस द्वारा सूचना देने पर चाइल्ड लाइन की टीम भी मौके पर पहुंची। नवजात बच्ची को पहले नगर में स्थित एक प्राइवेट डॉक्टर के पास दिखाया गया, जहां डॉक्टर ने बच्ची को स्वस्थ बताया। बाद में चाइल्ड लाइन की टीम नवजात बच्ची को जिला चिकित्सालय शामली में भर्ती करने के लिए अपने साथ ले गई। नवजात बच्ची मिलने की वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। कोतवाली पुलिस ने बताया कि मलकपुर में नवजात बच्ची मिली थी। नवजात बच्ची को चाइल्ड लाइन के हवाले कर दिया है। चाइल्ड लाइन नवजात बच्ची का उपचार करा रही है।



# पूर्व प्रमुख की एसडीएम संग वार्ता रही विफल

### - कहा: शुक्रवार से गांव दर गांव करेंगे जनसंपर्क

**बुढ़ाना, 05 फरवरी (बु.)।** तहसील बुढ़ाना परिसर में आगामी 12 फरवरी की महापंचायत ना हो इसके लिए एसडीएम न्यायिक और बुढ़ाना ब्लॉक के पूर्व प्रमुख राष्ट्रीय लोकदल के वरिष्ठ नेता विनोद मलिक के बीच लगभग 20 मिनट तक चली वार्ता विफल ही साबित हुई। इस वार्ता में बुढ़ाना एसडीएम श्रीकांत विश्वकर्मा ने तहसीलदार महेंद्र सिंह यादव को अपने कार्यालय मे बुलाया और उनको बैठाकर उनकी पूर्व प्रमुख विनोद मलिक से बातचीत कराई, तो तहसीलदार ने कोई ऐसी बात नहीं की, जिसमें मामला सुलटे, तब बाहर आकर पूर्व प्रमुख विनोद मलिक ने पत्रकारों को बताया कि हमारी एसडीएम से जो वार्ता थी, वो विफल हो गयी, क्योंकि तहसीलदार अभी भी एटीट्यूड में हैं। हम यही सोच रहे थे कि एसडीएम इस मामले का आज निपटारा कर देंगे और जो भी हमारे लोगों के जायज कार्य हैं, वे तहसीलदार अपने स्तर से 12 फरवरी से पहले-पहले ही निपटा देंगे, लेकिन तहसीलदार अभी भी अकड़ में बात कर रहे हैं। इसलिए अब हम 12 फरवरी को तहसील बुढ़ाना परिसर में होने वाली महापंचायत को बड़े स्तर पर बाबा बलजीत सिंह के नेतृत्व में करेंगे। शुक्रवार से ही गांव दर गांव जनसंपर्क शुरू कर दिया जाएगा। हम न्यायिक एसडीएम का व्यवहार देखकर महापंचायत नहीं करना चाहते थे, लेकिन तहसीलदार के आज के रवैये को देखकर ये फाइनल हो गया है कि अब हम 12 फरवरी को तहसीलदार को तहसील में बैठने नहीं देंगे।

# गठवाला खाप के बाबा बलजीत सिंह बोले.....

### तहसीलदार के विरुद्ध 12 फरवरी को बोलेंगे हल्ला



**बुढ़ाना, 05 फरवरी (बु.)।** डायमंड पब्लिक स्कूल फुगाना में बृहस्पतिवार को बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के गठवाला खाप के सभी 12 गांवों के जिम्मेदार लोगों की एक बड़ी मीटिंग हुई, जिसमें मुख्य अतिथि गठवाला खाप के बाबा बलजीत सिंह मलिक रहे। यहां पर तहसील बुढ़ाना में फैले भ्रष्टाचार का मुद्दा जबरदस्त तरीके से छाया रहा, जिसमें सर्व सम्मति से यह तय हुआ कि 12 फरवरी को दोपहर 12 बजे बुढ़ाना तहसील परिसर का घेराव कर तहसीलदार कार्यालय पर कब्जा किया जाएगा और तहसीलदार को उनके कार्यालय में बैठने नहीं दिया जाएगा। यह पंचायत बुढ़ाना ब्लाक के पूर्व प्रमुख विनोद मलिक ने अपने संयोजन में की और कहा कि बुढ़ाना तहसील परिसर में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है, जिसको बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। लेखपाल व कर्मचारी तहसीलदार का नाम लेकर भोले-भाले किसानों से रिश्वत लेकर उनके काम कर रहे हैं और जो उन्हें रिश्वत नहीं दे रहा उन्हें चक्कर कटाने का काम किया जा रहा है। हमारे पास लेखपालों की ऑडियो और वीडियोज हैं, जिसमें लेखपाल किसान से रिश्वत का पैसा लेकर अपनी जेब में रख रहे हैं। उनके भतीजे जितेंद्र ने जब तहसीलदार को गत दिनों अपने गांव के पीड़ित व्यक्ति का जायज काम बताया, तो बुढ़ाना के तहसीलदार ने उसे गुंडा बताया। पंचायत की अध्यक्षता करते हुए बाबा बलजीत सिंह ने कहा कि मैं यहां पर आप सभी को 19 फरवरी को हरियाणा के सोनीपत जिले के कस्बा गोहाना में होने वाले भव्य कार्यक्रम का निमंत्रण देने के लिए आया था, लेकिन अब यहां आकर पता लगा कि यहां का तहसीलदार हमारी खाप के लोगों को गुंडा बता रहा है। अब 19 फरवरी का प्रोग्राम तो हम बाद में करेंगे, पहले हम 12 फरवरी को बुढ़ाना तहसील परिसर को बंद करेंगे और तहसीलदार को हटाने की मांग करेंगे। इस दौरान यहां पर वीर नारायण मलिक, भोपाल सिंह, अंकित मलिक, विनोद कुमार, जगपाल मलिक, चरण सिंह मलिक, गुड्डू लोई, विजय पाल मलिक, मोनू मलिक, अतर सिंह मलिक, पहलवान डॉ. देवेन्द्र सिंह मलिक, डॉ. मनोज मलिक, रामा मलिक, धर्मवीर सिंह मलिक, धर्मपाल मलिक, प्रशांत मलिक, अरविन्द सिंह मलिक, पुष्पेन्द्र मलिक, अशोक मलिक, विकास कुमार मलिक, निशांत सिंह मलिक, गोपी सिंह, सुभाष मलिक व रविंद्र मलिक आदि हजारों ग्रामीण मौजूद रहे।

# अजीत पवार की अस्थियों का हरिद्वार में विसर्जन



**हरिद्वार 05 फरवरी (वार्ता)** दिवंगत राष्ट्रवादी नेता अजित पवार की अस्थियों का गुरुवार को धर्मनगरी हरिद्वार में पवित्र गंगा तट पर विधि-विधान से विसर्जन किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रवादी युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष धीरज शर्मा विशेष रूप से हरिद्वार पहुँचे और वीआईपी घाट पर धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ अस्थि विसर्जन संपन्न कराया। गंगा तट पर वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक अनुष्ठानों के बीच श्री पवार की अस्थियों को प्रवाहित किया गया। अस्थि विसर्जन की पूरी प्रक्रिया उनके पारिवारिक पुरोहित अभिषेक झा द्वारा संपन्न कराई गई। इस दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और समर्थक उपस्थित रहे। अस्थि विसर्जन के पश्चात राष्ट्रवादी युवा कांग्रेस की ओर से राष्ट्रव्यापी अस्थि कलश यात्रा का औपचारिक शुभारंभ किया गया। श्री शर्मा ने बताया कि यह यात्रा हरिद्वार से प्रारंभ होकर देश की प्रमुख पवित्र नदियों तक जाएगी, ताकि श्री पवार की विचारधारा से जुड़े कार्यकर्ताओं और समर्थकों को श्रद्धांजलि अर्पित करने का अवसर मिल सके। उन्होंने बताया कि यह यात्रा उत्तर प्रदेश की काशी, मध्य प्रदेश की नर्मदा, गुजरात की साबरमती, जम्मू-कश्मीर की चेनाब नदी तक पहुँचेगी। इसके बाद यात्रा दक्षिण भारत के रामेश्वरम और कन्याकुमारी तक जाएगी, जहाँ विभिन्न पवित्र नदियों में अस्थि विसर्जन किया जाएगा।

# बुढ़ाना पुलिस ने चोरी का किया खुलासा.....

### - कोल्ड ड्रिंक की 2 पेटियां, 1 हजार रुपये किए बरामद

**बुढ़ाना, 05 फरवरी (बु.)।** स्थानीय पुलिस ने एक चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी का कुछ माल बरामद किया है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र में बीती दो फरवरी की रात के समय घर में घुसकर अज्ञात चोर ने चोरी की घटना को अंजाम दिया था। कुछ दिन पहले गढ़ी सखावतपुर पुलिस चौकी के पास भी एक दुकान में भी चोरी की घटना हुई थी। बुढ़ाना पुलिस ने दोनों घटनाओं का मौका मुआयना कर अज्ञात चोर के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया था। पुलिस चोर की तलाश में लग गयी थी। आज सीओ बुढ़ाना गजेंद्र पाल सिंह के निर्देश पर गढ़ी सखावतपुर पुलिस चौकी के प्रभारी ललित कुमार कसाना ने उप निरीक्षक शिव सिंह नागर, हैड कांस्टेबल मनोज कुमार और कांस्टेबल केतन सिंह की मदद से मुखबिर की सूचना पर एक संदिग्ध युवक को गढ़ी से जौला को जाने वाले रास्ते पर चकरोड के पास से रोककर उसकी तलाशी ली तो उसकी जेब से पुलिस ने एक हजार रुपये की नगदी और उसकी निशानदेही पर ईख के खेत से चोरी की गयी कोल्ड ड्रिंक की दो पेटियां बरामद की। सूत्रों के अनुसार उक्त युवक आज इन पेटियों को किसी दुकानदार को बेचने के लिए आया था और बाकी सामान बेचकर उसने उन पैसों से मौज मस्ती की। युवक ने अपना नाम नदीम पुत्र मुनसैद निवासी ग्राम जौला बताया है।



# रोहित शेट्टी फायरिंग केस : पांच आरोपियों को 11 फरवरी तक पुलिस कस्टडी

**मुंबई, 5 फरवरी (एजेंसी)।** फिल्म निर्माता-निर्देशक रोहित शेट्टी के घर के बाहर फायरिंग के मामले में मुंबई क्राइम ब्रांच ने बड़ी सफलता हासिल की है। कोर्ट ने गिरफ्तार किए गए पांच आरोपियों को 11 फरवरी तक पुलिस कस्टडी में भेज दिया है। इनमें स्वप्निल बंडू सकट, सिद्धार्थ दीपक येनपुरे, समर्थ शिवशरण पोमाजी, आदित्य ज्ञानेश्वर गायकी और आशाराम फासले शामिल हैं। पुलिस ने कोर्ट को बताया कि आरोपी स्वप्निल के घर से एक पिस्टल, एक एयर गन और तीन मैगजीन बरामद हुई हैं। वहीं, गिरफ्तार पांचवें आरोपी आशाराम फासले के पास तीन पिस्टल मिली हैं। जांच में पता चला है कि आरोपियों ने अपने फोन से सिग्नल ऐप डिलीट कर दिया था। पुलिस को चैट रिकवर करने और अन्य सबूत जुटाने के लिए लंबी कस्टडी की जरूरत है। क्राइम ब्रांच ने मुख्य आरोपी शुभम लोनकर को अभी भी फरार बताया है। पुलिस की टीम उसकी तलाश में जुटी हुई है। बचाव पक्ष के वकीलों ने दावा किया कि आरोपी सिद्धार्थ, समर्थ और आदित्य का काम सिर्फ गाड़ी उपलब्ध कराना था। वकील ने कहा, ह्लगाड़ी सौंपने के बाद क्या हुआ, हमें नहीं पता। चार दिन की पुलिस कस्टडी काफी है।ह्व पुलिस ने इसका जवाब दिया कि आरोपियों के फोन पहले से उनके कब्जे में हैं, लेकिन चैट और डिजिटल सबूतों की गहन जांच के लिए और समय चाहिए। पुलिस का कहना है कि बिना कस्टडी के महत्वपूर्ण जानकारी मिलना मुश्किल होगा। रोहित शेट्टी के मुंबई स्थित घर के बाहर देर रात फायरिंग की गई। घटना के बाद रोहित शेट्टी ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी।

# लाखों रुपये की कीमत के जेवर पर्स से हुए चोरी

**बुढ़ाना, 05 फरवरी (बु.)।** ब्यूटी पार्लर से फेशियल कराते समय एक महिला का पर्स चोरी हो गया, जिसमें लाखों रुपये की कीमत के जेवरात बताए गये हैं। भौरांकलां पुलिस ने अज्ञात में मामला दर्ज करते हुए पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार रेखा पत्नी विनोद कुमार निवासी गांव करौदा महाजन ने बीते दिन भौराकलां पुलिस को एक तहरीर देते हुए बतलाया कि बीती 03 फरवरी को वह सपना ब्यूटी पार्लर सिसौली में पार्लर कराने के लिए गयी थी, लेकिन वहां से किसी अज्ञात के द्वारा उसके पर्स में रखे हुए छोटे पर्स को चोरी कर लिया गया, जिसमें एक सोने का गले का सेट, दो सोने की चैन और एक चैन में सोने का ऊँ का लाकेट था। लगभग एक लाख रुपये से भी अधिक के जेवरात थे। महिला ने भौरांकलां पुलिस से अज्ञात चोर के विरुद्ध कार्यवाही की गुहार लगाई है। पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## सर्राफा बाजार

**मुजफ्फरनगर, 05 जनवरी, (बु.)।** मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहेः-

| | | | |
|---|---|---|---|
| सोना- | 161000 | चांदी- | 266000 |
| सिक्का- | 2660 | गिन्नी- | 119175 |

## आपका आज का राशिफल

### शुक्रवार, 06 फरवरी, 2025

**मेष-** ग्रहयोग बेहतर, आूथक उन्नति का मार्ग प्रशस्त, मित्रों-परिजनों के माध्यम से बकाए धन की प्राप्ति, मंगल आयोजन सम्पादित परिवार में उल्लास का वातावरण।
**वृषभ-** दिनचर्या व्यवस्थित, आपसी गलतफहमी दूर, वैवाहिक अड़चनें समाप्त, कार्य क्षमता में वृद्धि, व्यावसायिक सफलता का मार्ग प्रशस्त, परिवर्तन का कार्यक्रम।
**मिथुन-** वैचारिक अस्थिरता, स्वयं की प्रतिभा का उपयोग करने से वंचित, दूसरों की सलाह अमान्य, दाम्पत्य जीवन असंतोषजनक, सुख-सुविधा का अभाव।
**कर्क-** लाभ का सुअवसर, आपसी सम्बन्धों में मधुरता, आपके स्तर को बनाये रखने के लिए व्यय, मनो-विनोद के साधन सुलभ, उत्तरदायित्व की पूर्ति का प्रयास।
**सिंह-** कार्यसिद्धि का प्रयास सार्थक, कठिनाइयों का समापन, पठन-पाठन में अभिरुचि, परिवार में सुख-शांति का मार्ग प्रशस्त, किसी नवीन योजना की शुरूआत।
**कन्या-** नव उत्तरदायित्व की पूर्ति, आर्थिक पक्ष से सफलता, शत्रु परास्त, दर्शनीय स्थलों की यात्रा का प्रसंग, सुख के साधन उपलब्ध, आत्मिक शांति की अनुभूति, यात्रा भी।
**तुला-** आत्मविश्वास में कमी, व्यावसायिक असफलता, परिवार आपसी कलह, स्वजनों से अनबन, धन की क्षति, उत्तरदायित्व की पूर्ति में अड़चने, यात्रा में परेशानी सम्भव।
**वृश्चिक-** दिन बेहतर, उलझनों में कमी, नौकरी में पदोन्नति, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ, धन संचय की ओर प्रवृत्ति, मान-सम्मान में वृद्धि, नवसम्पर्क लाभ, खुशी।
**धनु-** निराशा का समापन, प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता, सुख के साधन सुलभ, धार्मिक गतिविधियों की ओर अभिरुचि, दूसरों के आश्वासनों से राहत, नव समाचार की प्राप्ति।
**मकर-** अभीष्ट कार्यों में सफलता का सुयोग, पारिवारिक हर्षोल्लास का वातावरण, सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि, इच्छा शक्ति जागृत, विवाद का समापन, खुशी भी।
**कुम्भ-** प्रियजनों-मित्रों से अनबन, वैवाहिक जीवन में आपसी मतभेद, व्यक्तिगत समस्याएं, ताल-मेल का अभाव, सुख के साधन में कमी, पठन-पाठन में अरुचि।
**मीन-** व्यापारिक वातावरण मनोनुकूल, परिजनों से अपेक्षित सहयोग, आपसी सौहार्द, कर्ज की निवृत्ति का प्रयास, स्वयं का निर्णय लाभप्रद, शत्रु परास्त, प्रसन्नता भी।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

# आदर्श कॉलोनी में युवक को जमीन पर डाल हाथ-पैर बांधे, वीडियो वायरल होने से मचा हड़कंप



**मुजफ्फरनगर, 05 फरवरी (बु.)।** नगर से एक हैरान कर देने वाला वीडियो सामने आया है, जिसने पूरी आदर्श कॉलोनी में हड़कंप मचा दिया। वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि एक युवक सड़क पर बेबस पड़ा है और उसके हाथ-पैर रस्सियों से बेरहमी से बंधे हुए हैं। आसपास लोगों की भीड़ जमा है, लेकिन कोई उसे खोल नहीं रहा। जैसे ही यह वीडियो इंटरनेट पर फैला, लोगों ने तरह-तरह के कयास लगाने शुरू कर दिए। कोई इसे आपसी रंजिश बता रहा था, तो कोई इसे तालिबानी सजा से जोड़कर देख रहा था। घटना थाना नई मंडी क्षेत्र की आदर्श कॉलोनी की है। चश्मदीदों के मुताबिक, सरेराह इस तरह का मंजर देख हर कोई सहम गया था। युवक को इस तरह बांधकर ले जाने की कोशिश की जा रही थी जैसे उसने कोई बड़ा अपराध कर दिया हो। देखते ही देखते खबर पुलिस के गलियारों तक पहुँच गई और गांधी कॉलोनी चौकी प्रभारी अपनी टीम के साथ मौके पर दौड़ पड़े। मामला संवेदनशील था, इसलिए पुलिस ने तुरंत जांच की कमान संभाली। मौके पर पहुँची पुलिस टीम ने जब जांच की, तो पता चला कि युवक को किसी बाहरी दुश्मन ने नहीं, बल्कि उसके अपने ही परिजनों ने बांधा था। इसके पीछे की जो कहानी सामने आई, वह और भी चौंकाने वाली थी। बताया गया कि युवक की हालत ऐसी हो गई थी कि उसे संभाल पाना नामुमकिन था। वह न केवल खुद को चोट पहुँचा रहा था, बल्कि आसपास के लोगों के लिए भी खतरा बन गया था। पुलिस ने परिजनों और स्थानीय लोगों के बयान दर्ज किए ताकि इस अजीबोगरीब घटना की तह तक पहुँचा जा सके। पूरे मामले पर भ्रम की स्थिति को खत्म करते हुए सीओ नई मंडी, राजू कुमार साव ने आधिकारिक बयान जारी किया है। सीओ ने बताया कि, "जांच में सामने आया है कि युवक ने अत्यधिक शराब का सेवन कर लिया था, जिसकी वजह से वह पूरी तरह अपना मानसिक संतुलन खो चुका था। वह न तो खड़ा हो पा रहा था और न ही चल पा रहा था। नशे में धुत युवक लगातार वहां से गुजरने वाले अनजान लोगों को गालियां दे रहा था और हिंसक हो रहा था। ऐसी स्थिति में वहां पहुँचे परिजनों ने युवक की सुरक्षा और उसे काबू करने के लिए मजबूरी में उसके हाथ-पैर बांधे और उसे अपने साथ घर ले गए। युवक के साथ कोई मारपीट या अपराध नहीं हुआ है।" गांधी कॉलोनी चौकी प्रभारी ने मौके पर पहुँचकर परिजनों को भविष्य में इस तरह के व्यवहार के बजाय चिकित्सकीय सहायता लेने की हिदायत दी है।

# संसद में पीएम मोदी पर हमले की साजिश! सांसद मनोज तिवारी ने किया दावा

**नई दिल्ली, 05 फरवरी (एजेंसी)।** बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सदन में भाषण देने से कुछ मिनट पहले ही लोकसभा की कार्यवाही स्थगित कर दी गई। ऐसा विपक्षी सांसदों के शोर-शराबे के बाद हुआ, जो ट्रेजरी बेंच के पास टकराव में बदल गया और दोनों तरफ से तीखे आरोप-प्रत्यारोप शुरू हो गए। सांसद मनोज तिवारी ने दावा किया कि विपक्ष की कई महिला सांसद सदन के वेल में आ गईं प्रधानमंत्री की कुर्सी की ओर बढ़ीं और सीनियर मंत्रियों की अपनी सीटों पर जाने की बार-बार की अपील को नजरअंदाज कर दिया। तिवारी के मुताबिक हालात काबू से बाहर होने की वजह से प्रधानमंत्री सदन में नहीं आ सके। तिवारी ने आरोप लगाया कि जहां प्रधानमंत्री बैठते हैं वे उस जगह पर चढ़ गए। उन्होंने बहुत हंगामा किया। उन्होंने आगे दावा किया कि विपक्षी सांसद गुस्से वाली बॉडी लैंग्वेज के साथ आए, जिससे गंभीर सुरक्षा चिंताएं पैदा हुईं और आरोप लगाया कि वे प्रधानमंत्री पर हमला भी कर सकते थे। वहीं केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि विपक्षी दल कल प्रधानमंत्री मोदी पर फिजिकली हमला करने की योजना बना रहे थे जो संसदीय इतिहास में कभी नहीं हुआ है.ह्व हंगामे के समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सदन में मौजूद नहीं थे।

# 50 वर्ष के हुए अभिषेक बच्चन




**मुंबई, 05 फरवरी (वार्ता)।** बॉलीवुड के जाने-माने अभिनेता अभिषेक बच्चन आज 50 वर्ष के हो गए हैं। 05 फरवरी, 1976 को मुंबई में जन्में अभिषेक को अभिनय की कला विरासत में मिली। उनके पिता अमिताभ बच्चन अभिनेता, जबकि मां जया भादुरी जानी-मानी अभिनेत्री हैं। अभिषेक बच्चन ने अपने करियर की शुरूआत वर्ष 2000 में प्रदर्शित जे.पी.दत्ता की फिल्म रिफ्यूजी से की। हालांकि यह फिल्म टिकट खिड़की पर कोई खास कमाल नहीं दिखा सकी, लेकिन अभिषेक के अभिनय को अवश्य पसंद किया गया। इसके बाद अभिषेक ने तेरा जादू चल गया, ढ़ाई अक्षर प्रेम के, बस इतना सा ख्वाब है, हां मैने भी प्यार किया है, शरारत, मुंबई से आया मेरा दोस्त, मैं प्रेम की दीवानी हूं, ओम जय जगदीश, एलओसी कारगिल, कुछ न कहो जैसी फिल्मों में काम किया, लेकिन इनमें से कोई फिल्म टिकट खिड़की पर सफल नहीं रही। वर्ष 2003 में अभिषेक की फिल्म जमीन प्रदर्शित हुई। इस फिल्म में अभिषेक के अलावा अजय देवगन की भी मुख्य भूमिका थी। फिल्म को टिकट खिड़की पर औसत सफलता मिली। वर्ष 2004 में प्रदर्शित फिल्म 'युवा' अभिषेक के करियर की महत्वपूर्ण फिल्म साबित हुई। इस फिल्म में अभिषेक का किरदार ग्रे शेड्स लिए हुए थे, लेकिन वह दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने में सफल रहे। वर्ष 2004 में प्रदर्शित फिल्म धूम उनके करियर की पहली सुपरहिट फिल्म साबित हुई। इसके बाद अभिषेक ने कई बेहतरीन फिल्मों में काम किया, जिनमें उनके अभिनय को सराहा गया। वर्ष 2007 में अभिषेक बच्चन को मणिरत्नम की फिल्म गुरू में काम करने का अवसर मिला। माना जाता है कि यह फिल्मदिवंगत उद्योगपति धीरू भाई अंबानी के जीवन पर बनायी गयी थी।अभिषेक बच्चन ने अपने संजीदा अभिनय से दर्शको का दिल जीत लिया।इस फिल्म के लिये अभिषेक सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के फिल्मफेयर पुरस्कार के लिये नामांकित किये गये। इसी वर्ष अभिषेक बच्चन ने ऐश्वर्या राय से शादी कर ली

# बाराबंकी में गर्दन दबोचकर युवक के माथे से तिलक मिटाया:घेरकर पिटाई की

### - दरगाह में मुस्लिम महिला के साथ चादर चढ़ाने आया था

**बाराबंकी, 05 फरवरी (एजेंसी)।** बाराबंकी में देवा शरीफ दरगाह के पास एक युवक के माथे पर लगा तिलक धुल दिया गया। उसके साथ जमकर मारपीट भी की गई। मामला दरगाह के बाहर करीब 70 मीटर दूर का है। युवक अपने पड़ोस की मुस्लिम महिला के साथ चादर चढ़ाने के लिए दरगाह पर आया था। घटना गुरुवार की है, जिसका वीडियो आज सामने आया है। इसमें दिख रहा कि टोपी लगाए एक व्यक्ति पीड़ित को बांहों में जकड़कर झुकाता है। फिर दुकान पर ले जाता है। वहां, बोतल उठाकर उसके सिर पर पानी डालकर तिलक धुल देता है। पुलिस ने आरोपी युवक को हिरासत में लिया है। बाराबंकी के दशहराबाद निवासी हरीश शर्मा अपनी पड़ोसी मुस्लिम महिला के साथ दरगाह पर




चादर चढ़ाने आए थे। हरीश के मुताबिक, जब महिला चादर चढ़ाने के लिए अंदर गई। तब वह बाहर चने खाते हुए दरगाह की ओर बढ़ रहे थे। तभी वहां मौजूद कुछ दुकानदारों में से एक ने उन्हें 'ओए पंडित' कहकर रोक लिया। फिर थप्पड़ मारने लगे। मुझे जबरन पकड़ने के बाद खींचते हुए सड़क किनारे दुकान पर ले जाया गया। फिर मेरे माथे पर लगा तिलक धुलवा दिया। मेरे साथ बहुत अभद्र व्यवहार किया गया और हाथापाई भी हुई। मैंने देवा कोतवाली में पुलिस को लिखित शिकायत दी है। मेरी मांग है कि आरोपियों की पहचान कर उन्हें कड़ी से कड़ी सजा दी जाए, जिससे फिर किसी के साथ ऐसा न हो। रस्क धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने बताया- घटना से संबंधित सीसीटीवी फुटेज को जांच में शामिल किया गया है, जिससे पूरे सही स्थिति स्पष्ट हो सके। पीड़ित की शिकायत पर आरोपी पर मुकदमा दर्ज किया गया है। वहीं, देवा शरीफ कमेटी के मैनेजर हसन साद मोहम्मद से दैनिक भास्कर ने बात की। उन्होंने बताया कि यह घटना निंदनीय है। हम चाहते हैं कि आरोपी को कड़ी सजा मिले।

# कांग्रेस सिर्फ सपने देखती है, उन्हें पूरा नहीं करती'

**नई दिल्ली, 05 फरवरी (एजेंसी)।** राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर जवाब देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, इन दिनों एक वीडियो लोकप्रिय हुआ है। हर तरफ बर्फ छाई हुई है और वंदे भारत बीच से निकल रही है। तीन दशक से यही उधमपुर-श्रीनगर प्रोजेक्ट लटका हुआ था। हमारी सरकार ने इसे पूरा किया। कांग्रेस सिर्फ सपने देखती है, उन्हें पूरा नहीं करती। असम और अरुणाचल को जोड़ने वाला बोगी ब्रिज, हमने असम सहित पूरे पूर्वोत्तर को बहुत बड़ी सुविधा देने वाला यह काम पूरा किया। हमने दुनिया को कहा था कि 2030 तक हम सोलर का काम करेंगे और हमने 2025 में ही यह काम कर दिया। हम हर प्रोजेक्ट समय से पूरा कर रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा, भाजपा हो, एनडीए हो हमारा अप्रोच, हमारी सोच और कांग्रेस की सोच के बीच जमीन-आसमान का अंतर है। हमारी सोच है कि 140 करोड़ देशवासी इतने सामर्थ्यवान हैं कि ये कुछ भी कर सकते हैं। लेकिन ये लोग- नेहरू जी और इंदिरा जी की सोच क्या थी। उन्होंने कहा, इंदिरा जी एक बार ईरान गईं, वे ईरान में भाषण दे रही थीं। उस भाषण में उन्होंने नेहरू जी के साथ बातचीत का उल्लेख किया। उन्होंने कहा था- जब किसी ने मेरे पिताजी से पूछा यानी नेहरू जी से पूछा कि उनके सामने कितनी समस्या है, तो उन्होंने कहा 35 करोड़। उस समय हमारे देश की जनसंख्या थी 35 करोड़। 35 करोड़ देशवासी नेहरू जी को समस्या लगते थे। इस बात का उदाहरण देते हुए इंदिरा जी ने आगे कहा- आज देश की जनसंख्या 57 करोड़ है। इसलिए मेरे लिए समस्या भी इतनी ही है। उन्हें अब 57 करोड़ लोग समस्या लगने लगे थे।" उन्होंने कहा, नेहरू जी हों, इंदिरा जी हों या पूरी कांग्रेस बिरादरी हो, ये लोग देशवासियों को समस्या मानते थे। ऐसे लोग सिर्फ अपने परिवार का ही भला करेंगे। मैंने देश के सामने कहा है क्योंकि यह मेरा दृढ़ विश्वास है। चुनौतियां कितनी ही क्यों न हों, 140 करोड़ लोग हमारे साथ हैं। हमारे लिए हर देशवासी भारत का कर्ता-धर्ता है। पीएम मोदी ने कहा, कांग्रेस ने बीते दिनों राष्ट्रपति जी का अपमान किया है, चुनाव के बाद जिस प्रकार से हमारी राष्ट्रपति जी के लिए शब्द कहे गए। शर्मिंदगी महसूस होती है कि यह कैसे लोग हैं। भारत की राष्ट्रपति जी के लिए क्या कह रहे हैं ये लोग। कल लोकसभा में भी राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर चर्चा नहीं हो पाई। ये राष्ट्रपति पद का घोर अपमान है। उन्हें संविधान शब्द बोलने का अधिकार नहीं है। गरीब-आदिवासी परिवार से आई महिला का जो अपमान किया है, आपने आदिवासी-महिला का अपमान किया है। आपने संविधान का अपमान किया है।




# 'एमएसएमई नेटवर्क पर बन रहा दुनिया का भरोसा'

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज दुनिया भारत के उद्यमियों को समान भाव से देखती है। उन्होंने कहा कि एमएसएमई का विशाल नेटवर्क जितना मजबूत होता है, वह देश की अर्थव्यवस्था को उतनी ही मजबूती से दिशा देता है। प्रधानमंत्री ने बताया कि आज भारत के एमएसएमई नेटवर्क पर पूरी दुनिया का भरोसा बन रहा है। उन्होंने कहा कि भले ही भारत हवाई जहाज नहीं बनाता, लेकिन उनके कई कल-पुर्जे देश के एमएसएमई तैयार कर रहे हैं। इन प्रयासों के नतीजे आज सबके सामने हैं। उन्होंने बताया कि कई बड़े देश भारत के साथ व्यापारिक संबंध बनाने के लिए उत्सुक हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि चाहे यूरोपीय संघ के साथ व्यापार सौदा हो या अमेरिका के साथ हुआ समझौता, पूरी दुनिया इन समझौतों की खुलकर तारीफ कर रही है। उन्होंने कहा कि यूरोपीय संघ के साथ हुए समझौते से विश्व को यह भरोसा मिला कि वैश्विक स्तर पर स्थिरता की संभावना बढ़ेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि अमेरिका के साथ व्यापार सौदे से दुनिया को यह भरोसा हुआ कि स्थिरता के साथ-साथ अब गति भी आएगी। उन्होंने आगे कहा कि इन प्रयासों का सबसे बड़ा लाभ देश के युवाओं को मिलेगा। दुनिया में भारतीय युवा पेशेवरों और यहां तक कि देखभाल कर्मियों की मांग लगातार बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि कुछ देशों में तो लोगों की तलाश के लिए विशेष कार्यालय तक खोले जा रहे हैं। इसका मतलब है कि भारतीय पेशेवरों के लिए वैश्विक स्तर पर नए अवसर बन रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि संसद का उच्च सदन राज्यों का प्रतिनिधित्व करता है। उन्होंने जिस तरह की चर्चाओं की बारीकियां देखीं, उससे उन्हें लगा कि इसका स्तर और ऊंचा होना चाहिए था। विपक्ष ने इस मौके को भी गंवा दिया।

# रूस-अमेरिका की न्यू स्टार्ट संधि खत्म, 50 साल बाद पहली बार परमाणु हथियारों पर कोई कानूनी पाबंदी नहीं

**नई दिल्ली, 05 फरवरी (एजेंसी)।** रूस और अमेरिका के बीच रणनीतिक परमाणु हथियारों को सीमित करने वाली आखिरी बड़ी संधि न्यू स्टार्ट की अवधि आज यानी 5 फरवरी 2026 को समाप्त हो गई। इसके साथ ही करीब 50 साल बाद पहली बार दुनिया की दो सबसे बड़ी परमाणु शक्तियों पर अपने रणनीतिक परमाणु हथियारों को लेकर कोई कानूनी बाध्यता या नियंत्रण नहीं बचा है। न्यू स्टार्ट के खत्म होने से अब अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइलों, पनडुब्बियों से लॉन्च होने वाली मिसाइलों और परमाणु बॉम्बरों पर तैनात हथियारों की संख्या को लेकर कोई तय सीमा नहीं रहेगी। विशेषज्ञों का मानना है कि इससे दुनिया में नई परमाणु हथियारों की होड़ शुरू होने का खतरा काफी बढ़ गया है। न्यू स्ट्रैटेजिक आर्म्स रिडक्शन ट्रीटी परमाणु हथियारों की बढ़ती होड़ को रोकने के लिए वर्ष 2010 में किया गया एक ऐतिहासिक समझौता था। इस संधि पर तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा और रूस के तत्कालीन राष्ट्रपति दिमित्री मेदवेदेव ने हस्ताक्षर किए थे। इसके बाद यह संधि 2011 में औपचारिक रूप से लागू हुई।



न्यू स्टार्ट का मुख्य उद्देश्य उन रणनीतिक परमाणु हथियारों की तैनाती को सीमित करना था, जो किसी देश के प्रमुख राजनीतिक, सैन्य और औद्योगिक ठिकानों को निशाना बनाने में सक्षम होते हैं। इनमें अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइलें, पनडुब्बियों से लॉन्च की जाने वाली मिसाइलें और परमाणु हथियार ले जाने वाले बॉम्बर शामिल थे। संधि के तहत केवल उन्हीं हथियारों को गिनती में शामिल किया जाता था, जो तैनात स्थिति में हों, यानी जो सक्रिय सेवा में हों और जरूरत पड़ने पर तुरंत इस्तेमाल किए जा सकें। परमाणु हथियारों पर रोक लगाने की कोशिशें शीत युद्ध के दौर से ही चलती आ रही हैं। वर्ष 1969 से अमेरिका और तत्कालीन सोवियत संघ (बाद में रूस) के बीच हथियार नियंत्रण को लेकर कई चरणों में बातचीत और समझौते हुए, जिनका मकसद परमाणु टकराव के खतरे को कम करना था। परमाणु हथियार नियंत्रण की दिशा में पहला बड़ा कदम के रूप में सामने आया। इन समझौतों के तहत हथियारों की संख्या पर सीमा तो लगाई गई, लेकिन वास्तविक कटौती नहीं की गई। इसका उद्देश्य हथियारों की बेलगाम बढ़ोतरी को रोकना था। शीत युद्ध के अंत के साथ को बड़ी सफलता माना गया। यह संधि अमेरिका के राष्ट्रपति जॉर्ज बुश सीनियर और सोवियत संघ के राष्ट्रपति मिखाइल गोर्बाचेव के कार्यकाल में हुई। इसके तहत हजारों रणनीतिक परमाणु हथियारों में कटौती की गई, जो हथियार नियंत्रण के इतिहास में पहली बड़ी कमी थी। इसके बाद रळअफळ क्क पर सहमति बनी, जिसका मकसद और गहरी कटौती करना था। हालांकि, यह संधि पूरी तरह लागू नहीं हो सकी, लेकिन इसने भविष्य के समझौतों की जमीन तैयार की। साल 2002 में अमेरिका के राष्ट्रपति जॉर्ज बुश जूनियर और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच रडफळ, जिसे मॉस्को संधि भी कहा जाता है, पर सहमति बनी।

इसके तहत दोनों देशों ने तैनात परमाणु वारहेड्स की संख्या 1,700 से 2,200 के बीच सीमित करने का फैसला किया। हालांकि, इस संधि में निरीक्षण और जांच-पड़ताल की व्यवस्था कमजोर मानी गई। न्यू स्टार्ट संधि की प्रभावशीलता को 2023 में ही बड़ा झटका लग चुका था, जब रूस ने इसमें अपनी भागीदारी निलंबित करने का ऐलान किया था। रूस ने उस समय संधि के तहत होने वाले निरीक्षण और आपसी जांच की प्रक्रिया को रोक दिया था। हालांकि, मॉस्को ने यह दावा जारी रखा कि वह संधि में तय की गई हथियारों की सीमाओं का पालन करता रहेगा। रूस ने इसके पीछे वजह बताई थी कि यूक्रेन युद्ध में अमेरिका की सक्रिय भूमिका और सैन्य मदद संधि की भावना के खिलाफ है।

# महिला ने लगाया ससुरालियों पर गंभीर आरोप, पुलिस मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की उठाई मांग



**मुजफ्फरनगर, 5 फरवरी (बु.)।** थाना खालापार क्षेत्र के अंतर्गत मोहल्ला सुजड़ू के कुंगर पट्टी में दहेज लोभियों की बर्बरता का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। एक विवाहिता ने अपने ससुराल पक्ष पर लाखों रुपए नगद और कई गज के प्लॉट की मांग को लेकर शारीरिक व मानसिक उत्पीड़न जैसे संगीन आरोप लगाते हुए महिला थाना में तहरीर दी है। पीड़िता शबनम परवीन पुत्री स्वर्गीय अब्दुल सलीम ने बताया कि उसका निकाह 5 दिसंबर 2023 को साहिल पुत्र रियाज (निवासी जहांगीर पट्टी, सुजड़ू) के साथ हुआ था। शादी में मायके पक्ष ने अपनी हैसियत से बढ़कर लाखों रुपये खर्च किए थे, जिसमें लाखों रुपए नगद भी दिए गए थे। आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद ही पति साहिल, ससुर रियाज, सास शहजान और अन्य ससुरालियों ने अतिरिक्त दहेज की मांग शुरू कर दी। पीड़िता का आरोप है कि करीब 6 माह पहले दहेज की मांग पूरी न होने पर सास और ननद ने जहर देकर मारने की कोशिश भी की थी। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि जेठ और देवर भी उस पर बुरी नजर रखते थे। तहरीर के अनुसार, ससुराल पक्ष ने उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया था। जब पीड़िता अपने मायके में थी, तब पति साहिल, ससुर रियाज और अन्य परिजनों ने वहां पहुंचकर हमला कर दिया। आरोप है कि आरोपियों ने पीड़िता का गला घोंटकर उसे जान से मारने की कोशिश की और धारदार हथियारों व लोहे की रॉड से मारपीट की। शोर मचने पर मोहल्ले के लोगों ने बीच-बचाव किया, जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। गंभीर रूप से घायल पीड़िता ने महिला थाना प्रभारी से मेडिकल परीक्षण कराने और आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। फिलहाल पुलिस मिली तहरीर के आधार पर मामले की जांच में जुट गई है।



संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail : muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

